महत्वपूर्ण एवं खास

कर्ज से परेशान सराफा दम्पत्ति ने जंगल में जाकर की आत्महत्या

कोरबा (आरएनएस)। जिले के चितापाली में सराफा व्यवसायी दंपत्ति ने जंगल में आत्महत्या कर ली। दोनों को मौके पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने दोनो की मौत की पुष्टि की। इधर घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। उरगा थाना पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। बताया जा रहा है कि कर्ज व्यवसायी दम्पत्ति पिछले कुछ दिनों से कर्ज से परेशान था। आशंका जताई जा रही है कि कर्ज के चलते दंपत्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पति ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के परिजनों और परिचित लोगों से पूछताछ कर रही है।

अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार, 103 पव्वा शराब जब्त

भिलाई (आरएनएस)। खुर्सीपार थानाक्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बेचने के जुर्म में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 103 पौव्वा अवैध शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सड़क नंबर 21 खुर्सीपार में अवैध शराब बेचने की सूचना पर छापा मारकर टी.पार्वती पति टी.मिकेल के पास से 35 पव्वा मसाला शराब एवं 68 पव्वा गोवा व्हीस्की के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से कुल 103 पव्वा शराब जब्त किया गया है जिसकी कीमत 9 हजार 5 सौ रूपए आंकी गई है। आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया है।

युवा कैरियर निर्माण योजनाः प्रतियोगी परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए आयोजित परीक्षा स्थगित

रायपुर (आरएनएस)। युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा की पूर्व तैयारी के लिए 20 दिसम्बर को निर्धारित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा यह जानकारी देते हुए बताया है कि परीक्षा की नवीन तिथि, परीक्षा केन्द्र की जानकारी बाद में यथा समय विभागीय वेबसाइट tribal.cg.gov.in (ट्राईबल डाट सीजी डाट जी ओ वी डाट इन) पर सूचित की जाएगी।

राज्यपाल 'सर्व मंगल आध्यात्मिक महाकुम्भ' में होंगी शामिल

» राज्यपाल 'सर्व मंगल आध्यात्मिक महाकुम्भ' में होंगी शामिल

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 20 दिसंबर 2019 को शाम 6 बजे प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में आयोजित 'सर्व मंगल आध्यात्मिक महाकुम्भ' में शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने अधिकारियों को फिर दिए मितव्ययता बरतने के निर्देश

» प्रवास के दौरान मण्डप, शामियाना और साज-सज्जा में अनावश्यक व्यय नही करने के निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को एक बार फिर मितव्ययता बरतने के निर्देश दिए है। बघेल ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास के दौरान उन्होंने महसूस किया है कि कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा में बड़ी राशि का व्यय होता है। उन्होंने कहा है कि भविष्य में उनके प्रवास के दौरान मण्डप, शामियाना और साज-सज्जा में अनावश्यक व्यय न किया जाए और मितव्ययता के साथ न्यूनतम आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को विभिन्न श्रेणियों में मिले 15 पुरस्कार

» मनरेगा, पीएमजीएसवाई, आवास योजना के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा किया पुरस्कृत

» प्रधानमंत्री आवास योजना में ओवरऑल परफॉर्मेंस पर मिला पहला पुरस्कार

» जियो-मनरेगा इनीशिएटिव्ह के तहत पामगढ़ विकासखंड देशभर में दूसरे स्थान पर

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर। राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर 15 पुरस्कार प्रदान किए गए। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा में आयोजित पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को विभिन्न योजनाओं के तहत पुरस्कार दिये। प्रदेश की ओर से प्रमुख सचिव सुब्रत साहू ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के हाथों आज पुरस्कार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने इसके लिए विभाग के अधिकारियों और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

छत्तीसगढ़ में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए प्रदेश का चयन केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें मनरेगा के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए राज्यों को दिए जाने वाले तीन जिलों और विकासखंडों को दिए जाने वाले एक-एक और ग्राम पंचायतों के लिए दो पुरस्कार शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गुणवत्ता की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में ओवरऑल परफॉर्मेंस में पहला पुरस्कार दिया गया। इस योजना के तहत जिले में रायपुर को प्रथम और धमतरी जिले को दूसरा स्थान मिला है। ओवरऑल तीन साल में प्रगति के आधार पर छत्तीसगढ़ को दूसरा और जिले में रायपुर को पहला पुरस्कार मिला है। योजना के तहत राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण और 12 महीने में सर्वाधिक घर बनाने में भी छत्तीसगढ़ को प्रथम पुरस्कार दिया गया है। वहीं, पंचायतों में पोड़ीछाल रायगढ़ और नारायणपुर के छोटे डोंगर को पुरस्कृत किया गया।

मनरेगा के तहत मिले 7 पुरस्कार

प्रदेश को मनरेगा के तहत जियो-मनरेगा इनीशिएटिव्ह के क्रियान्वयन में देशभर में दूसरा, कार्यपूर्णता में दूसरा और सुशासन इनीशिएटिव्ह के क्रियान्वयन में दूसरा स्थान मिला है।

रिश्वत लेते कलेक्ट्रेट में पदस्त स्टेनो गिरफ्तार

एसीबी की कार्यवाही, शासकीय आवास आबंटन के बदले माँगी थी तीस हज़ार की रिश्वत

कोरिया (आरएनएस)। महाविद्यालय के चपरासी से शासकीय आवास आबंटित करने के बदले रिश्वत माँगना कोरिया कलेक्टर के स्टेनो को भारी पड़ गया।

भृत्य ने रिश्वत की रक़म तो दी, लेकिन एंटीकरप्शन ब्यूरो को सूचना देकर। जिसके बाद रिश्वत लेते स्टेनो संतोष पांडेय को एसीबी ने ट्रेन कर लिया।

बैकुँठपुर ज़िला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज में भृत्य पद पर उमेश कूजूर पदस्थ है। उसे शासकीय आवास चाहिए था और इस के लिए उमेश कूजूर का आरोप था कि स्टेनो तीस हज़ार रिश्वत माँग रहा है। भृत्य उमेश एसीबी के बिलासपुर कार्यालय पहुँचा और उसने पूरी शिकायत बताई, जिसके बाद उसका शिकायत का सत्यापन हुआ।

एंटीकरप्शन ब्यूरो की टीम ने कलेक्टर से दो राजपत्रित अधिकारी मांगे और उसे ट्रेप दल में शामिल किया। जिसके बाद रिश्वत की रक़म लेते स्टेनो संतोष पांडेय को ट्रेप कर लिया गया. आरोपी संतोष पांडेय के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

पागल कुत्ते का आतंक, 23 लोगों को काटा

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में पागल कुत्ते के आतंक से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। किरन्दुल के रिहायसी इलाके में घुस आये पागल कुत्ते ने 23 लोगों को काटा लिया, जिसमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी, जिन्हें कुत्ते के काटने से गहरे जख्म हो गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरंदुल में पागल कुत्ते के आतंक से देर शाम स्थानीय निवासियों के मध्य अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। पागल कुत्ते की हरकत ऐसी थी कि जो भी सामने दिख रहा था, वह उस पर हमला कर काटता जा रहा था। घायलों में अधिकतर छोटे बच्चे। जिनके गाल, मूंह, हाथ व पैरों में आई गहरी चोटें। जिसके बाद फुटबॉल ग्राउंड से ओल्ड डबल स्टोरी कॉलोनी की ओर बढ़ रहे पागल कुत्ते को क्षेत्र के कुछ लोगों ने मारकर भगाने का प्रयास किया। जिससे बाद पागल कुत्ता रेलवे ट्रेक की ओर भाग गया, तब जाकर लोगों को राहत मिली। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में शिकायत के बावजूद नगर पालिका प्रशासन आवारा कुत्तों को पकड़ने का प्रयास तक नहीं करता।

मीटर रीडिंग के अभाव में उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

» तीन माह से सिविल लाईन्स क्षेत्र में उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा बिजली बिल

रायपुर (आरएनएस)। सिविल लाईन्स क्षेत्र स्थित कार्यालय से इन दिनों उपभोक्तओं को मीटर रीडरों द्वारा घर पहुंचकर मीटर रीडिंग रीडरों द्वारा नहीं किए जाने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक उपभोक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार गत तीन माह से मीटर रीडिंग नहीं होने के कारण बिल वितरण के कार्य में भी जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सिविल लाईन कार्यालय से नजदीक स्थित एक समाचार एजेंसी के द्वारा इस संबंध में लिखित रूप से बिजली बिल मांगे जाने पर कर्मचारी द्वारा डुप्लीकेट बिल बनाकर दिया गया। किंतु अब तक मीटर रीडिंग नहीं हुई है। इसी तरह शंकरनगर क्षेत्र में भी लंबे अरसे से मीटर रीडिंग नहीं हो रही है। जिसके चलते बिजली वितरण का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कटोरातालाब क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने भी इस संबंध में बिजली विभाग के जिम्मेदारों को इस साथ बिजली बिल दो-तीन महीने का एक साथ भेजने पर कड़ी आपत्ति नहीं की है।

गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 9 सौ मीटर रीडरों द्वारा नियमित रूप से अपने तकनीकी ज्ञान के आधार पर घर-घर मीटर रीडिंग की जाती थी किंतु जब से मीटर रीडिंग का कार्य निजी कंपनी को दिया गया है तब से मीटर रीडरों द्वारा मनमाने रीडिंग कर उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता शुभम साहू ने विद्युत विभाग की मीटर रीडिंग की कार्यवाही एवं बिजली बिल की गणना मनमाने तरीके से करने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के चेयरमैन से निर्धारित समय में मीटर रीडरों को घर-घर पहुंचकर मीटर रीडिंग यूनिट अनुसार बिजली बिल हर माह नियमित रूप से भेजने की मांग तत्काल की है।

'सभी के लिए विकास' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन राजभवन में आयोजित

» राज्यपाल करेंगी सम्मेलन का उद्घाटन

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 20 दिसम्बर 2019 को पूर्वान्ह 11:30 बजे राजभवन के दरबार हॉल में अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा 'सभी के लिए विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे और विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण, गृह, जेल, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अहिंसा, शांति, सद्भावना और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शांतिदूत आचार्य लोकेशजी के मार्गदर्शन में अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा पूरे भारत में इस प्रकार के 25 सम्मेलनों का आयोजन अहिंसा विश्व भारती द्वारा किया जा रहा है।

अहिंसा विश्व भारती संस्था के संस्थापक आचार्य लोकेशजी ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन जनमानस को जाति, धर्म एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर सभी के लिए विकास की एक नई दिशा दिखाएगा। इन सम्मेलनों से महात्मा गांधी की शिक्षाएं जन-जन तक प्रसारित होंगी। यह न केवल एक ऐतिहासिक कदम है बल्कि राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका भी निभाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के राजभवन में 'सभी के लिए विकास' विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में विचार-मंथन किया जाएगा, जो प्रदेश के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने अहिंसा विश्व भारती के कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे ऐसी कार्य-योजना तैयार करें जिससे प्रदेश में कोई भी शिक्षा और चिकित्सा के लिए वंचित न रहे तथा आजीविका के संसाधन भी उन्हे संतुलित ढंग से मिल सके। ऐसा करके ही हम महात्मा गांधी के स्वस्थ समाज संरचना के स्वप्न को साकार कर सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने गत 26 सितम्बर को दिल्ली में अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर आयोजित इन 25 कार्यक्रम की श्रृंखला का उद्घाटन किया था। संस्था ने अब तक महाराष्ट्र के मुंबई, गुजरात के सूरत, पंजाब के चंडीगढ़ में कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है।

निः संतान दंपत्ति ने जहरपान कर की खुदकुशी

कोरबा (आरएनएस)। उरगा थानांतर्गत ग्राम चीतापाली निवासी एवं वर्तमान में किराए में रामपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत कांशीनगर वार्ड क्रमांक 20 में निवासरत दंपत्ति ने जहरपान कर जान दे दी। पुलिस ने दोहरे आत्महत्या मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चीतापाली थाना उरगा निवासी मोहन सोनी उम्र 55 तथा उनकी पत्नी छोटी मुन्नी सोनी उम्र 50 कुछ समय से कोरबा के रामपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत कांशीनगर बस्ती वार्ड क्रमांक 20 में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। सोनी दंपत्ति लंबे समय तक संतान नहीं होने के कारण निराशावादी हो गए थे। जिसके कारण पति-पत्नी अक्सर संतान सुख के लिए अनेकों प्रकार का यत्न एवं व्रत भी किया करते चले आ रहे थे। इसी दौरान मोहन सोनी अपने स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते कुछ कर्ज का भागी हो गया था। कर्ज भी नहीं चुका पा रहा था। इस तरह दो-दो परेशानियों के चलते वह काफी त्रस्त रहता था।

बताया जाता है कि गत रात्रि चीतापाली जंगल में जाकर सोनी दंपत्ति ने जहर का सेवन कर लिया। जिससे कि मौके पर छोटी मुन्नी सोनी की मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में मोहन सोनी को कोरबा जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर इस घटना की जानकारी उरगा एवं रामपुर चौकी पुलिस को दे दी है। घटना स्थल से कीटनाशक दवा की शीशी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। दंपत्ति ने आखिर इतना बड़ा आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

बीज प्रक्रिया केन्द्र से अब किसानों को उन्नतशील बीज की किस्मे भी

रायपुर। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के द्वारा बीज प्रक्रिया केन्द्र स्थापित किया गया है। इस बीज प्रक्रिया केन्द्र से जिले में उत्पादित धान के बीजो का प्रसंस्करण कर उन्नतशील बीजो का उत्पादन संभव हो पायेगा। जिससे जिले के किसानों को अब उन्नतशील बीजों की उपलब्धता सुलभ होगी तथा बीजों के संबंध में आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस हेतु जिले के विभिन्न ग्राम चलका, कोनगुड, बयानार, करंजी, कोकोडी, बोलबोला, बड़े कनेरा, माकड़ी, बड़ेघोड़सोड़ा, कुसमा के कुल 74 कृषकों द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से बीज निगम में बीज उत्पादन हेतु धान की दुर्गेश्वरी, बमलेश्वरी, चंद्रहासिनी एमटीयू 1010 व अन्य किस्मों के प्रजनक, आधार व प्रमाणित बीजों के उत्पादन हेतु 67 हेक्टयर रकबे के लिए पंजीयन कराया गया है, जिनसे लगभग 3000 क्विंटल धान बीजो का उत्पादन होगा। इसके लिए 3 टीपीएच की ग्रेडिंग मशीन स्थापित की गई है तथा 1500 मीट्रिक टन के 3 गोदामो का निर्माण किया गया है। यह बीज प्रारंभिक प्रजनक के रूप में सवंर्धित किये जायेंगे, जिसके आधार एवं प्रमाणित बीजों का प्रसंस्करण का आगामी वर्षो में किया जायेगा। तत्पश्चात इन बीजों का प्रमाणिकरण जांच एंव टैगिंग के पश्चात यह बीज सोसायटी एंव प्रक्रिया केन्द्र के माध्यम से सीधे किसानों को उपलब्ध करायें जायेगें।

नशीली दवा बिक्रेताओं को कारावास

कोरबा (आरएनएस)। हरदीबाजार उप-थाना क्षेत्र के मुढ़ाली निवासी जयप्रकाश व छिंदपुर निवासी संदीप यादव नशीली दवाओं का बिक्री करते थे। पिछले वर्ष 29 जुलाई को हरदीबाजार चौकी प्रभारी इंस्पेक्टर विजय चेलक ने दोनों को पकडा था। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बांकीमोंगरा हॉस्पिटल के सामने स्थित राज मेडिकल स्टोर व संचालक कृष्णा साहू के शांतिनगर स्थित घर में छापा मारा था। जहां घर के तहखाने से 12 पेटियों में 290 पैकेट में 41 हजार से ज्यादा कैप्सूल बरामद हुए थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मर्चेन्ट बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

46 हाथियों ने फिर पसान में दी दस्तक

» वन विभाग के कर्मचारियों की चुनाव में लगी ड्यूटी, बढ़ा खतरा

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज के दो स्थानों पर 46 हाथियों ने बीती रात दस्तक दे दी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने की सूचना पर वन अमला सतर्क हो गया है।

जानकारी के अनुसार एक दल में 16 हाथी शामिल हैं, जो मरवाही क्षेत्र से पहुंचा है। जबकि दूसरे दल में शामिल 30 हाथी केंदई रेंज से पहुंचे। दोनों ही दल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया और अनेक किसानों की फसल रौंद दी। जिससे संबंधितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस बीच खूनी दंतैल गणेश पसान रेंज में घुमने के बाद आगे बढ़कर जटगा की सीमा की ओर रूख कर गया। खूनी दंतैल ने मंगलवार की रात मरवाही क्षेत्र में एक महिला की जान ले ली थी। महिला को मौत के घाट उतारने के बाद यह पसान पहुंच गया था। दंतैल के पसान रेंज में पहुंचने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में दहशत फैल गया था। वन विभाग का अमला कल दिन भर इसकी निगरानी में जुटा रहा। पसान-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग के समीप पहुंचने पर काफी देर तक रोड जाम रहा। इस दौरान आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। बाद में दंतैल के रोड पार करने और जंगल की ओर रूख करने पर आवागमन सामान्य हो और वाहन चालक अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस बीच कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में मौजूद दंतैल हाथी आज कोरियाघाट से आगे बढ़कर बीजा पहाड़ पहुंचा गया है। यह हाथी फिलहाल शांत बना हुआ है।

वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान सहित अन्य परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी पहुंच गए हैं जिससे वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। इसके कल से और गंभीर होने की संभावना है, क्योंकि वन विभाग में कार्यरत कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। ये लोग 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक ड्यूटी पर रहेंगे। इस दौरान हाथियों की निगरानी का जिम्मा शेष बचे एक-दो अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भरोसे रहेगा। जिससे हाथी निरकुंश हो जाएंगे और लोगों के जान-माल को खतरा हो सकता है। सामान्य तौर पर हाथियों की उपस्थिति को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में नहीं लगानी चाहिए थी लेकिन प्रशासन ने इसकी परवाह किए बगैर ड्यूटी लगा दी है। जिससे खतरा बढ़ सकता है।